# अंबेडकर विश्वविद्यालय में अब तक 292 दाखिले

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** कश्मीरी गेट स्थित अंबेडकर विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में अब तक 292 छात्रों ने दाखिला ले लिया है। इसमें इकोनॉमिक्स, अंग्रेजी व साइकोलॉजी में सबसे अधिक दाखिले हुए हैं। मंगलवार को विश्वविद्यालय की ओर से तीसरा कटऑफ जारी किया गया है। इसके तहत आगामी 18 जुलाई तक स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला होगा।

मंगलवार को जारी कटऑफ में सामान्य के लिए सबसे अधिक कटऑफ बीए ऑनर्स साइकोलॉजी का है। इसमें सामान्य वर्ग के लिए 95.5 फीसद कटऑफ गया है वहीं, ईडब्ल्यूएस के लिए 75.5 कटऑफ गया है। अनुसचित जाति के लिए 83.25 व अनुसचित जनजाति के लिए 78.25 फीसद कटऑफ गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए साइकोलॉजी में सीटें फुल हैं। विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम में सामान्य वर्ग एवं आरक्षित वर्ग की कुल 598 सीटें हैं। इसके अलावा विशेष वर्ग (सुपरन्यूमेरी) के छात्रों के लिए भी कुछ सीटें मौजूद हैं।

डीन स्टूडेंट सर्विसेस डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि गत वर्ष विश्वविद्यालय को विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए करीब 24 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। इस बार 28 हजार से अधिक आवेदन आए हैं। उन्होंने बताया कि तीसरे कटऑफ के तहत सामान्य वर्ग के लिए इसमें इकोनॉमिक्स में 10, अंग्रेजी में 64, इतिहास में 50, गणित में 60, साइकोलॉजी में 57, सोशियोलॉजी में 52 व सोशल साइंसेस एंड ह्यूमैनिटी में 63 सीटों पर दाखिला होना है। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस व अन्य श्रेणी में भी सीटें बाकी हैं।

**19 जुलाई को आएगा चौथा कटऑफ:** विश्वविद्यालय द्वारा तीन कटऑफ जारी करने के बाद चौथा कटऑफ आगामी 19 जुलाई को जारी किया जाएगा। इसके तहत 21 जुलाई तक दाखिला प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद दो कटऑफ और भी जारी होंगे।

## स्नातक पाठ्यक्रम

- तीसरा कटऑफ जारी, 18 जुलाई तक होंगे स्नातक में दाखिले
- इकोनॉमिक्स, अंग्रेजी व साइकोलॉजी में सबसे अधिक दाखिले

| तीसरा कटऑफ | सामान्य | ईडब्ल्यूएस |
|---|---|---|
| बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स | 94.5 | फुल |
| अंग्रेजी ऑनर्स | 92.5 | 82.5 |
| हिस्ट्री ऑनर्स | 90 | फुल |
| मैथ्स ऑनर्स | 85 | 70.75 |
| साइकोलॉजी ऑनर्स | 95.5 | 75.5 |
| सोशियोलॉजी ऑनर्स | 92 | 66.5 |
| सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटी | 90.75 | फुल |

# एयूडी की तीसरी कटऑफ जारी, पांच फीसदी गिरावट

नई दिल्ली | **प्रमुख संवाददाता**

आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए मंगलवार को तीसरी कटऑफ जार कर दी है। इसमें दूसरी कटऑफ की तुलना में कर्मपुरा कैंपस में संचालित बीए सतत शहरीकरण और बीए सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी में पाठ्यक्रम की कटऑफ पांच फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ जारी हुई है।

कश्मीरी गेट से संचालित हो रहे बीए ऑनर्स गणित की कटऑफ चार फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ जारी हुई है। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए जारी तीसरी कटऑफ में बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र की कटऑफ दिल्ली के विद्यार्थी के लिए 94.50 फीसदी जारी की है। बाहरी राज्यों के विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में 95.50 फीसदी अंकों से दाखिला ले सकेंगे।

इसी तरह बीए ऑनर्स अंग्रेजी में दाखिले के लिए दिल्ली के विद्यार्थी 92.50 फीसदी और बाहर के विद्यार्थी 94.50 फीसदी से दाखिला ले सकेंगे। दिल्ली के विद्यार्थी बीए ऑनर्स गणित में 85 फीसदी और बाहर के विद्यार्थी 89.75 फीसदी पर दाखिला ले सकेंगे।

# Ambedkar Univ's third cut-off list drops by up to 1.25% points

**HT Correspondent**
htreporters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Ambedkar University on Tuesday announced its third cut-off for undergraduate admissions. The cut-off was dropped by 0.5 to 1.25 percentage points in several courses, including BA (Hons) in English, Economics and History.

The university, which has 85% reservation for students from National Capital Territory (NCT), releases a separate cut-offs for students from Delhi and give them an edge over students from other states.

For BA (hons) Psychology, which had the highest cut-off under the first list, the university made a reduction of one percentage point for the Delhi candidates. For candidates outside Delhi, however, the cut-off reduced by 0.5%. It has now reduced from 97.75 % to 97.25%.

BA (hons) in Economics saw 0.5% drop for both Delhi and other state students. Similarly the reduction in cut-off stands same—1.25 percentage points—for both Delhi and other state students in BA (hons) in English.

In BA (Honours) Mathematics, the cut-off for NCT candidates saw a sharp decline of 4.25 percentage points. The cut-off has been reduced to 85 % from 89.25%. The applicants from outside Delhi will still require at least 89.25 % to get a seat in Mathematics. "300 out of 598 seats are already filled under the first two cut-off lists," said an official at the university.

NBT नवभारत टाइम्स

## फटाफट खबरें

### बीमारियां रोकने को अभियान होगा शुरू

**विस, नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने और इनसे बचाव के तरीके बताने के लिए दिल्ली में तीन दिनों का जागरूकता अभियान लॉन्च करेंगे। बुधवार से शुरू हो रहे इस अभियान के तहत मच्छरों की संख्या रोकने पर खास ध्यान दिया जाएगा। लोगों को बताया जाएगा कि ऐसा किस तरह किया जा सकता है। काम के लिए 286 टीमें बनाई गई हैं।

### तीसरी लिस्ट 5.4% तक नीचे

**विस, नई दिल्ली :** आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली की तीसरी कटऑफ लिस्ट में 5.6% तक कमी आई है। तीसरी लिस्ट में भी जनरल कैटिगरी में कोई भी प्रोग्राम बंद नहीं हुआ है। स्टूडेंट को इस लिस्ट में पूरा मौका मिलेगा, चाहे वो दिल्ली का हो या दिल्ली से बाहर रहने वाला हो। जहां मैथ्स ऑनर्स 4.25% नीचे गया है, वहीं बीए- सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज 5.4% नीचे आकर स्टूडेंट्स को एडमिशन का बड़ा मौका दे रहा है।

NBT नवभारत टाइम्स

# Admission अलर्ट




## Delhi University

**अंडर ग्रेजुएट कोर्स के लिए**

| कटऑफ | तारीख |
|---|---|
| पांचवी | 19 जुलाई |
| एडमिशन | 23 जुलाई तक |

## DU: नॉन कॉलिजिएट विमिन एजुकेशन बोर्ड

**अंडर ग्रेजुएट कोर्स के लिए**

| कटऑफ | तारीख |
|---|---|
| दूसरी | 20 जुलाई |
| एडमिशन | 20, 22 व 23 जुलाई तक |
| तीसरी | 26 जुलाई |
| एडमिशन | 27-28 जुलाई तक |
| चौथी | 1 अगस्त |
| एडमिशन | 1-3 अगस्त तक |
| पांचवीं | 6 अगस्त |
| एडमिशन | 6-8 अगस्त तक |

**पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए**

| कटऑफ | तारीख |
|---|---|
| पहली | 27 जुलाई |
| एडमिशन | 27-31 जुलाई तक |
| दूसरी | 2 अगस्त |
| एडमिशन | 3-6 अगस्त तक |
| तीसरी | 8 अगस्त |
| एडमिशन | 8-10 अगस्त तक |
| चौथी | 13 अगस्त |
| एडमिशन | 14-17 अगस्त तक |
| पांचवीं | 19 अगस्त |
| एडमिशन | 20-22 अगस्त तक |

## Ambedkar University

**अंडर ग्रेजुएट और B.Voc कोर्स के लिए**

| कटऑफ | तारीख |
|---|---|
| चौथी | 19 जुलाई |
| एडमिशन | 20 व 22 जुलाई तक |
| पांचवीं | 23 जुलाई |
| एडमिशन | 24-25 जुलाई तक |
| छठी | 26 जुलाई |
| एडमिशन | 27 और 29 जुलाई |

(नोट B.Voc कोर्स के लिए सिर्फ पांच कटऑफ ही जारी होंगी।)

## Bhartiya Anuvad Parishad

**कोर्स:** अनुवाद (अंग्रेजी-हिंदी-अंग्रेजी) में एकवर्षीय वाकसेतु पीजी डिप्लोमा
**योग्यता:** ग्रैजुएशन
**आखिरी तारीख:** 2 अगस्त
**वेबसाइट:** bhartiyaanuvadparishad.org

*(नोट: एडमिशन की तारीखों में बदलाव संभव है।)*

| S.No. | News paper | Title |
|---|---|---|
| 1. | Dainik jagran | अंबेडकर विश्वविद्यालय में अब तक 292 दाखिले |
| 2. | Hidustan Hindi | एयूडी की तीसरी कट ऑफ जारी, पांच फीसदी गिरावट |
| 3. | Hindustant Times | Ambedkar Univ’s third cut-off list drops by upto 1.25% points |
| 4. | NBT | तीसरी लिस्ट 5.4 % तक नीचे |
| 5. | NBT | अंडर ग्रेजुएट और B . Voc कोर्स के लिए कट ऑफ तारीख |
| 6. | The Hindu | AUD third cut off list out |

THE HINDU

DELHI

# AUD third cut-off list out

STAFF REPORTER

NEW DELHI, JULY 17, 2019 00:33 IST
UPDATED: JULY 17, 2019 00:33 IST

## Unreserved seats still vacant in all courses

Ambedkar University Delhi (AUD) on Tuesday released its third cut-off list for admission to B.A.(Hons.) and B.A. programme courses.

While several of the reserved category seats have been filled, unreserved category seats in most courses are still vancant. The college, which is funded by the Delhi government, releases separate cut-offs for students from Delhi and for those from outside, giving students from the Capital an advantage.

For B.A. (Hons.) with a major in economics, the cut-off is now 94.5% for students from Delhi and 95.5% for others. Cut-off for the English course is 92.5% for Delhiites and 94.5% for other applicants.

For B.A. (Hons.) with a major is psychology, which is becoming a popular course among students in Delhi University, the cut-off for students from Delhi is 95.5% and 97.25% for others. This is the highest cut-off that the university has released in its third list.

The complete scores required to get admission in AUD as per the third cut-off list are available on the university website along with a list of subjects that need to be included while calculating the "best four" score.

Support Quality Journalism Subscribe to The Hindu Subscribe x

Printable version | Jul 17, 2019 11:47:15 AM | https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/aud-third-cut-off-list-out/article28494122.ece